(ख) प्लास्टिक मृदा से टेराकोटा वास्तु शिल्पीय और या तो ग्लेज रहित या केवल सीसा रहित ग्लेज से पॉलिश।

17. छूटः-

यदि मुख्य निरीक्षक सह अनुदेशक किसी भी कारखाने के संदर्भ में इस बात को लेकर संतुष्ट हों कि फैक्ट्री के कर्मियों की सुरक्षा के लिये इस अनुसूची के सभी या किसी प्रावधान का पालन आवश्यक नहीं है, तो वह लिखित रूप से फैक्ट्री को सभी या किसी प्रावधान से छूट देते हुए प्रमाणपत्र दे सकते हैं, प्रमाणपत्र में छूट का आधार निर्दिष्ट किया जा सकता है। यह प्रमाणपत्र मुख्य निरीक्षक सह अनुदेशक द्वारा बिना कोई कारण बताये रद्द किया जा सकता है।

.....

अनुसूची- XIII
पानी के विद्युत विच्छेदन से निर्मित ऑक्सीजन और हाइड्रोजन का संपीड़न

1. इलेक्ट्रोलाइट संयत्र स्थलः- विद्युत विच्छेदन संयंत्र स्थापित किया जाने वाला कमरा ऑक्सीजन और हाइड्रोजन के भंडारण और संपीड़न संयत्र से और बिजली जेनरेटर कक्ष से भी अलग होना चाहिए।

2. शुद्धता की जांच – (1) ऑक्सीजन और हाइड्रोजन की शुद्धता की जांच सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रत्येक शिफ्ट में कम से कम एक बार निम्नलिखित स्थलों पर होनी चाहियेः-

(क) विद्युत विच्छेदन कक्ष में;
(ख) गैस होल्डर इनलेट पर; और

(ग) कम्प्रेशर के अवशोषण सिरे पर

(2) शुद्धता का मान जांच करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर सहित पंजिका में दर्ज किया जाना होगा।

परन्तु, यह उपबंधित है कि यदि इलेक्ट्रोलिसिस संयंत्र अलार्म लाइट के साथ ऑक्सीजन और हाइड्रोजन की परिशुद्धता के स्वचालित रिकॉर्डर से युक्त है, तो गैस की परिशुद्धता की जांच केवल कंप्रेसर के अवशोषण सिरे पर किया जाना पर्याप्त है।

3. संपीड़न से संबंधित प्रतिबंध – ऑक्सीजन और हाइड्रोजन गैसों को संपीड़ित नहीं किया जाएगा यदि उनकी शुद्धता, जैसा कि ऊपर पैराग्राफ 2 के तहत निर्धारित किया गया है, किसी भी समय 98% से कम हो जाती है। ।

4. नकारात्मक दाब स्विच का प्रावधान – गैस होल्डर में लिमिट स्विच के अलावा हाइड्रोजन सक्शन मेन में या इसके पास तथा गैस होल्डर और हाइड्रोजन कंप्रेशर के बीच एक संवेदनशील निगेटिव प्रेशर स्विच भी दिया जायेगा ताकि गैस होल्डर के निर्वात होने तक खाली हो जाने की स्थिति में कंप्रेशर मोटर को स्विच ऑफ किया जा सके।

(5) गैस होल्डर स्विच – गैस होल्डर खाली होने की स्थिति में इसकी बेल को इसकी निम्नतम स्थिति के 30 सेंटीमीटर के दायरे में जाने की अनुमति नहीं होगी और गैस होल्डर में लिमिट स्विच इस तरह से लगाया जायेगा कि सीमा तक पंहुचते ही कंप्रेशर मोटर स्विच ऑफ हो जाये।

(6) कास्टिक सोडा की परिशुद्धता – खारा घोल बनाने के लिये प्रयुक्त पानी, कास्टिक सोडा और कास्टिक पोटाश विद्युत विच्छेदन के लिये उपयुक्त मानक के होने चाहिये।

(7) विपरीत ध्रुवों का खिंचाव पलटने को लेकर सतर्कता – इलेक्ट्रोलाइज सेल और विद्युत जेनरेटर टर्मिनल के बीच विद्युतीय संपर्क इस प्रकार सृजित होना चाहिये ताकि ध्रुवीय खिंचाव पलट सकने की आशंका उत्पन्न करने वाले गलत कनेक्शन को काटा जा सके। स्विच बोर्ड पर या बिजली जेनरेटर टर्मिनल पर गलत कनेक्शन के कारण ध्रुवीय खिंचाव पलटने की स्थिति में बिजली कट ऑफ करने के लिये स्वचालित यंत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा।

(8) गैस पाइपों की रंगाई – ऑक्सीजन और हाइड्रोजन गैस पाइपों को अलग अलग रंगों से पेंट किया जाना चाहिये। जब भी मरम्मत या किसी अन्य कार्य से हाइड्रोजन पाइप खोली जाय तो फिर से कनेक्ट करने पर उस पाइप से हाइड्रोजन पास कराने से पहले पाइप की सारी हवा निकाल दी जानी चाहिये।

(9) फ्लेम प्रूफ फिटिंग्स का उपयोग- इलेक्ट्रोलाइजर कक्ष में बिजली की सभी वायरिंग और यंत्र फ्लेमफ्रूफ होने चाहिये या फ्लेमप्रूफ फिटिंग्स से कवर होने चाहिये और इस कमरे में, या जहां गैस का संपीड़न और फिलिंग की जा रही हो, खुली लाइट या लौ लाने पर पूरी तरह पाबंदी होनी चाहिये। सभी प्रमुख स्थानों पर इस चेतावनी से संबंधित नोटिस लगायी जानी चाहिये।

(10) ताप या फ्लेम से संबंधित कार्यों पर प्रतिबंध – इलेक्ट्रोलाइजर संयंत्र तथा गैस होल्डर और कंप्रेशर के किसी भी हिस्से की वेल्डिंग, ब्रेजिंग, सोल्डरिंग या कटिंग तब तक नहीं होनी चाहिये जब तक उस हिस्से से किसी विस्फोटक सामग्री को हटाने के उपाय न किये जायें और उस हिस्से को ऐसे कार्यों के लिये सुरक्षित न बना लिया जाये। जब तक संयंत्र की धातु अच्छी तरह ठंडी न हो जाये कोई भी विस्फोटक सामग्री उसमे नहीं डाली जानी चाहिये ताकि विस्फोट के किसी भी खतरे से बचा जा सके।

(11) मरम्मत इत्यादि का कोई भी कार्य पर्याप्त निरीक्षण में किया जाना चाहिये – परिचालन, मरम्मत या रखरखाव का कोई भी कार्य ऐसे व्यक्ति के सीधे निरीक्षण के बिना नहीं किया जाय, जिसे विस्फोट के किसी भी जोखिम से बचने के आवश्यक एहतियात के बारे में पर्याप्त प्रशिक्षण, अनुभव और जानकारी हो और जो ऐसे कार्य के पर्यवेक्षण में पर्याप्त रूप

से सक्षम हो। लगाये जाने या मरम्मत के बाद बिजली का कोई भी जेनरेटर/ इलेक्ट्रोलाइजर स्विच ऑन नहीं किया जाना चाहिये जबतक कि ये उन सक्षम व्यक्तियों द्वारा अभिप्रमाणित न हो, जिनके सीधे निरीक्षण में संयंत्र स्थापित किये जाने या मरम्मत का काम किया गया हो और पैराग्राफ 7 की अपेक्षानुसार ध्रुवीय खिंचाव के लिये टर्मिनलों की जांच की गयी हो।
(12) संयंत्र की जांच – विद्युत अपघटन संयंत्र तथा गैस होल्डर और कंप्रेशर के प्रत्येक भाग की जांच और मरम्मत का नियमित शिड्यूल होना चाहिये और पायी गयी किसी भी त्रुटि को ठीक किया जाना चाहिये।

अनुसूची - XIV
मुक्त सिलिका युक्त पत्थर या किसी अन्य सामग्री का परिचालन

1. अनुप्रयोग – यह अनुसूची उन सभी कारखानों या कारखानों के हिस्सों पर लागू होगी जिनमें मुक्त सिलिका युक्त पत्थर या किसी अन्य सामग्री का परिचालन किया जाता है।
2. परिभाषाएं – इस अनुसूची के प्रयोजनों के लिये –

(क) **"परिचालन"** का अर्थ मुक्त सिलिका युक्त पत्थर या किसी अन्य सामग्री को तोड़ने, चूर्ण करने, चिपिंग, ड्रेसिंग, पीसने, छानने, मिलाने, ग्रेडिंग या हैंडलिंग से है या इस प्रकार के पत्थर या अन्य सामग्री से जुड़े किसी अन्य प्रचालन से है।
(ख) "सिलिका युक्त पत्थर या किसी अन्य सामग्री" किसी ऐसे पत्थर या अन्य ठोस सामग्री से है जिसमें मुक्त सिलिका के भार का कम से कम 5% मिला हो।

3. परिचालन में सावधानी – किसी भी कारखाने या कारखाने के हिस्से में तब तक कोई परिचालन नहीं किया जा सकता जबतक निम्नलिखित उपायों में कोई एक या अधिक अपनाया नहीं जाता –
(क) प्रसंस्कृत किये जा रहे पत्थर या अन्य सामग्री को भिंगोना
(ख) पानी का छिड़काव करना
(ग) प्रक्रियाओं को संलग्न करना
(घ) प्रक्रियाओं को अलग अलग करना, और
(ङ) **अपेक्षित स्थलों पर समुचित निकासी और वायु संचरण व्यवस्था करना** – यह व्यवस्था कारखाने में काम कर रहे लोगों की सुरक्षा के उद्देश्य से धूल के प्रभावी नियंत्रण के लिये आवश्यक है। सिलिका धूल का स्तर, विनियम 131 में संलग्न तालिका 2 में निर्दिष्ट अधिकतम अनुमति योग्य स्तर के बराबर या नीचे रखा जाना है।

परन्तु, यह उपबंधित है कि यदि परिचालन या प्रक्रिया अपने आप में ऐसी है कि उत्पन्न और मौजूद धूल का स्तर उपरोक्त अनुमति योग्य स्तर से अधिक नहीं है तो उक्त उपाय अपनाना आवश्यक नहीं है।

4. फर्श का रखरखाव –

(1) सभी फर्श या वो स्थान जहां बारीक धूल के जमने की संभावना होती है और जहां किसी भी व्यक्ति को काम करना होता है या गुजरना होता है, उन्हें ऐसी स्थिति में रखा जाना चाहिये कि नमी विधि से या किसी अन्य विधि से उनकी अच्छी तरह सफाई हो सके ताकि सफाई की प्रक्रिया में धूल उड़कर हवा में न मिलने पाये।
(2) प्रत्येक कार्य कक्ष के हर फर्श की सतह या वह स्थल जहां कार्य निष्पादित हो रहा है या जहां से किसी भी व्यक्ति को अपने काम के दौरान गुजरना पड़ता है, उसकी प्रत्येक शिफ्ट में कम से कम एक बार पानी छिड़क कर या किसी अन्य समुचित विधि से साफ की जानी है ताकि सफाई के क्रम में धूल उड़कर हवा में मिलने न पाये।

5. किशोरों से संबंधित निषेध – परिचालन से जुड़ी किसी भी गतिविधि में या किसी ऐसे स्थल पर जहां ऐसी गतिविधियां संचालित होती हैं किसी भी किशोर को काम करने की अनुमति नहीं है।

6. चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा जांच –

(1) पैराग्राफ 1 में निर्दिष्ट प्रक्रियाओं में कार्यरत प्रत्येक कर्मी की स्वास्थ्य जांच उसकी पहली तैनाती के 15 दिन के भीतर चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जायेगी। ऐसी चिकित्सा जांच में मूत्र और रक्त में सीसे की जांच शामिल है। मूत्र में एएलए, हीमोग्लोबिन स्तर, कोशिकाओं की स्टिपलिंग तथा दृढ़ता और संतुलन की जांच शामिल है। किसी भी कामगार को अपनी पहली ज्वायनिंग के 15 के बाद काम करने की अनुमति नहीं होगी, जबतक कि उसे चिकित्सा अधिकारी द्वारा ऐसे काम के लिये फिट प्रमाणित नहीं किया जाता है।

(2) ऐसी प्रक्रियाओं में कार्यरत प्रत्येक कर्मी को प्रत्येक 12 महीने में कम से कम एक बार पुनः स्वास्थ्य जांच करानी होगी। ऐसे पुनः परीक्षण में, जैसा भी चिकित्सा अधिकारी उचित मानते हों, उप पैरा (1) में निर्दिष्ट सभी जांच शामिल होंगी, केवल छाती के एक्स-रे को छोड़कर, जो तीन वर्ष में एक बार होगा।

(3) चिकित्सा अधिकारी कामगार की जांच के बाद फॉर्म 24 में फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करेंगे। परीक्षण और पुन: परीक्षण का रिकॉर्ड प्रमाणपत्र में दर्ज किया जाएगा और यह प्रमाणपत्र कारखाने के अधिभोगी की सुरक्षा में रखा जाएगा। उप-पैराग्राफ (1) और (2) के अंतर्गत की गई प्रत्येक जाँच का रिकॉर्ड, जाँच की प्रकृति और परिणाम सहित, चिकित्सा अधिकारी द्वारा फॉर्म-25 में स्वास्थ्य पंजिका में भी दर्ज किया जाएगा।
(4) स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और स्वास्थ्य पंजिका निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रखे जाएँगे।
(5) यदि चिकित्सा अधिकारी की राय में कोई कर्मचारी किसी भी समय इस प्रक्रिया में काम के लिए अब उपयुक्त नहीं रह गया है, और इसमें बने रहने से उसके स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है, तो वह प्रमाणपत्र और स्वास्थ्य पंजिका में अपने निष्कर्षों का रिकॉर्ड दर्ज करेगा। इस प्रविष्टि में वह अवधि भी दर्ज होनी चाहिए जिसमें वह कर्मचारी को उस काम के लिये अयोग्य मानता है। प्रक्रिया से हटाये गये व्यक्ति को वैकल्पिक प्लेसमेंट दिया जायेगा, जब तक कि चिकित्सा अधिकारी की राय में उसे पूरी तरह अक्षम न माना जाए, ऐसा होने पर उसका समुचित पुनर्वास किया जायेगा।

(6) उपरोक्त उप पैराग्राफ (5) के तहत काम के लिये अनफिट पाये गये किसी भी व्यक्ति को तबतक फिर से काम पर नहीं रखा जायेगा या उक्त प्रक्रियाओं में काम करने की अनुमति नहीं दी जायेगी जबतक कि चिकित्सा अधिकारी आगे परीक्षण के बाद फिर से उसे उन प्रक्रियाओं में काम करने के लिये फिट प्रमाणित नहीं कर देते।

8. **छूट** – यदि किसी भी कारखाने के संदर्भ में मुख्य निरीक्षक सह सुविधा प्रदाता इस बात को लेकर संतुष्ट होते हैं कि किसी भी विशिष्ट परिस्थिति के कारण या प्रक्रियाओं की बारंबरता के कारण या किसी अन्य कारण से इस अनुसूची के सभी या कोई प्रावधान फैक्ट्री में कर्मियों की सुरक्षा के लिये आवश्यक नहीं हैं तो वे लिखित में एक प्रमाणपत्र के द्वारा, अपने विवेकाधिकार से किसी भी समय ऐसी फैक्ट्री को,ऐसी स्थितियों के अधीन, जिसे वे प्रमाणपत्र में निर्दिष्ट करेंगे, सभी या किसी एक प्रावधान से छूट दे सकते हैं।

.....

अनुसूची – XV
एस्बेस्टस की हैंडलिंग और प्रोसेसिंग, एस्बेस्टस की किसी सामग्री का विनिर्माण, तथा विनिर्माण की कोई अन्य प्रक्रिया या जिसमें किसी भी रूप में एस्बेस्टस का उपयोग होता है

1. अनुप्रयोग – यह अनुसूची सभी कारखानों पर या कारखानों के हिस्सों पर, जिनमें निम्नलिखित में से कोई भी प्रक्रिया परिचालित होती हो, लागू होगीः-
(क) एस्बेस्टस को तोड़ना, बारीक करना, अलग अलग करना, खोलना, पीसना, मिलाना या छानना तथा इसकी हैंडलिंग और परिचालन से जुड़ी अन्य प्रक्रियाएं शामिल हैं;

(ख) एस्बेस्टस के रेशों से बुने वस्त्र बनाने की सभी प्रक्रियाएं, तैयारी और फिनिशिंग प्रक्रिया सहित;

(ग) पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से एस्बेस्टस से बने इंसुलेशन स्लैब या सेक्शन का निर्माण, , और इससे संबंधित प्रक्रियाएं;

(घ) पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से एस्बेस्टस से बने इंसुलेशन वाले गद्दे बनाना या इनकी मरम्मत करना तथा संबंधित प्रक्रियाएं;

(ङ) एस्बेस्टस कार्डबोर्ड और पेपर का निर्माण;

(च) स्प्रे विधि से एस्बेस्टस का अनुप्रयोग;

(छ) एस्बेस्टस से पूरी तरह या आंशिक रूप से बनी शुष्क सामग्री को चीरना, पीसना, पलटना, अपघटित करना और पॉलिश करना;

(ज) एस्बेस्टस धूल एकत्र करने के लिये किसी कमरे, वेसल, चैम्बर, फिक्स्चर या उपकरणों की सफाई;

(झ) अन्य प्रक्रियाएं जिनसे एस्बेस्टस धूल काम करने के स्थान में आ जाती है।

2. **परिभाषा** – इस अनुसूची के उद्देश्य के लिये
(क) "एस्बेस्टस" का अर्थ है एक प्रकार का रेशेदार सिलिकेट खनिज और कोई अवमिश्रण जिसमें एक्टिनोलाइट, एमोसाइट, एंथोफायलाइट, क्रिसोटाइल, क्रोसिडोलाइट, ट्रेमोलाइट हो, या इनका मिश्रण हो चाहे कच्ची अवस्था में, पिसी हुई या खुली;

(ख) "एस्बेस्टस टेक्स्टाइल्स" का अर्थ है एस्बेस्टस से बना धागा या कपड़ा या किसी अन्य सामग्री के साथ एस्बेस्टस का मिश्रण;

(ग) "अप्रूव्ड" का अर्थ है मुख्य निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता द्वारा उस समय के लिये लिखित में स्वीकृत;
(घ) "श्वसन उपकरण" का अर्थ है आवश्यक कनेक्शन के साथ एक हेलमेट या फेस पीस जिसका उपयोग कर कोई व्यक्ति धूल रहित हवा सांस में ले सकता है या कोई अन्य अनुमोदित उपकरण;

(ङ) "एफिशियेंट एग्जॉस्ट ड्रैफ्ट यानी प्रभावी निकास खिंचाव" का अर्थ है धूल हटाने के लिये यांत्रिक साधनों से स्थानीय वायु संचरण की व्यवस्था, ताकि धूल को जहां काम हो रहा है वहां की हवा में जाने से रोका जा सके। कोई भी खिंचाव प्रभावी नहीं माना जा सकता यदि वह धूल को उत्पन्न होने की जगह पर नियंत्रित करने में विफल हो;

(च) "तैयारी" यानी एस्बेस्टस को खोलने के लिये क्रशिंग, अलग करना और संबंधित अन्य प्रक्रियाएं

(छ) "सुरक्षा वस्त्र" यानी पूरे शरीर और सिर को ढंकने का कपड़ा, जिसे पहनने पर एस्बेस्टस धूल से बचा जा सकेगा;
3. **यंत्र और उपकरण** – इस अनुसूची के तहत आने वाली प्रक्रियाओं में प्रयुक्त होने वाले यंत्र और उपकरण ऐसे होने होने चाहिये जो स्वीकृत सीमा से उपर एस्बेस्टस धूल उत्पन्न न करें और प्रभावी निकास खिंचाव क्षमता से युक्त हों।
4. **एग्जॉस्ट ड्रैफ्ट यानी निकास खिंचाव यंत्र** –
(1) निम्नलिखित प्रक्रियाओं और मशीनों से धूल को नियंत्रित करने के लिये एक प्रभावी एग्जॉस्ट ड्रैफ्ट व्यवस्था उपलब्ध करायी जायेगी और प्रबंधित की जायेगीः-
(क) विनिर्माण और संवहन मशीनें यानी –
(i) तैयारी, पिसाई और शुष्क मिश्रण मशीनें;
(ii) कार्डिंग, कार्ड कचरा और रिंग स्पिनिंग मशीने, तथा करघे;

(iii) एस्बेस्टस परिचालित मशीनें और अन्य संयंत्र;
(iv) एस्बेस्टस से पूरी तरह या आंशिक रूप से बनी वस्तुओं की शुष्क अवस्था में कटाई, पिसाई, पलटाव, ड्रिलिंग, अपघटन या पॉलिशिंग में इस्तेमाल होने वाली मशीनें;

(ख) कार्डिंग मशीन के सिलेंडर या अन्य भागों की सफाई और घिसाई;

(ग) चैंबर्स, हॉपर्स या अन्य संरचना जिससे होकर खुला एस्बेस्टस भेजा जाता है या गुजरता है;

(घ) हाथ से एस्बेस्टस कचरे की छंटाई या अन्य परिचालन के लिये बेंच;

(ङ) कार्यस्थल, जहां हाथ के संपर्क से बोरियों या अन्य कंटेनर को भरने या खाली करने, तोलने या अन्य प्रक्रियाएं की जाती हैं;
(च) बोरियों को साफ करने की मशीन;

(छ) हाथ से एस्बेस्टस को मिलाना और मिश्रित करना; और

(ज) कोई अन्य प्रक्रिया जिससे धूल कार्य स्थल तक फैल जाता है।

(2) उप पैराग्राफ (1) के तहत उपलब्ध कराया गया निकासी वायु संचरण, मशीनों, उपकरणों या अन्य संयंत्रों के रखरखाव या मरम्मत कार्य के दौरान उपयोग में लाया जाना चाहिये जिससे निकासी का खिंचाव उत्पन्न हो और किसी भी कार्य स्थल की हवा में एस्बेस्टस धूल का प्रवेश रोका जा सके।

(3) निकासी यंत्र से निकलने वाली एस्बेस्टस धूल को किसी भी कार्य कक्ष की हवा में फैलने से रोकने के लिये प्रबंध किये जाना है।

(4) निकासी प्रणाली के जरिये किसी भी कार्यकक्ष से हटायी गयी एस्बेस्टस धूल को समुचित ग्राहक पात्र या फिल्टर बैग में एकत्र किया जायेगा और इसे सभी कार्यस्थलों से हटा दिया जायेगा।

5. **वायु संचरण प्रणालियों की जांच और परीक्षण-**
(1) इस अनुसूची द्वारा अपेक्षित धूल निकालने या दबाने के उद्देश्य से उपयोग में लायी जाने वाली सभी वायु संचरण प्रणालियों की जांच और परीक्षण जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा सप्ताह मे एक बार अवश्य होना चाहिये। 12 महीने में एक बार एक सक्षम व्यक्ति द्वारा समग्र रूप से इसका परीक्षण किया जाना होगा। इन परीक्षणों द्वारा सामने आने वाली किसी भी त्रुटि को ठीक किया जाना चाहिये।
(2) ऐसी जांच और परीक्षणों का सारा विवरण फॉर्म नं 26 में रखा जाना चाहिये।

6. **कुछ प्रक्रियाओं को अलग अलग करना** – एस्बेस्टस को हाथ से मिलाना और मिश्रण बनाना, या पूरी तरह या आंशिक रूप से एस्बेस्टस से इंसुलेटिंग गद्दे बनाने या मरम्मत करने का काम किसी ऐसे कमरे में नहीं होना चाहिये जहां कोई अन्य काम होता हो।

7. **भुरभुरे एस्बेस्टस का भंडारण और वितरण** –

सभी भुरभुरे एस्बेस्टस को उपयोग में न आने की अवधि के दौरान समुचित बंद बॉक्स में रखा जाना चाहिये जिससे एस्बेस्टस की धूल बाहर निकलने न पाये और ऐसे एस्बेस्टस को समुचित बंद पात्र के बिना फैक्ट्री में वितरित नहीं किया जाना चाहिये या पूरी तरह बंद व्यवस्था में ही इधर से उधर ले जाना चाहिये।
8. **एस्बेस्टस की बोरियां** –

(1) फैक्ट्री के अंदर एस्बेस्टस लान ले जाने के लिये कंटेनर के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली सभी बोरियां अभेद्य सामग्री से बनी होनी चाहिये और इन्हें हमेशा अच्छी हालत में होना चाहिये।
(2) पैराग्राफ 4 के अनुपालन में, जिस बोरी में एस्बेस्टस रखा जाता हो उसे कभी हाथ से फटक कर साफ नहीं करना चाहिये बल्कि मशीन से इसकी सफाई होनी चाहिये।

9. **फर्श और कार्य स्थल का प्रबंधन-**

(1) किसी भी कमरे में जहां इस अनुसूची की अपेक्षाएं लागू की जाती हैं—
(क) फर्श, काम में आने वाली बेंच, मशीनरी और संयंत्र बिल्कुल साफ और एस्बेस्टस के कचरे से मुक्त रखे जाने चाहिये और तुरंत काम में नहीं आने वाले एस्बेस्टस को रखने की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिये। और
(ख) फर्श पर ऐसी कोई भी सामग्री, संयंत्र और वस्तुएं न रखी हो, जिसकी तत्काल जरूरत न पड़ने वाली हो, इससे कमरे की समुचित सफाई हो सकेगी।
(2) जैसा कि उप-विनियम (1) में उल्लिखित है, सफाई जहां तक व्यवहार्य हो, ऐसे वैक्यूम क्लीनिंग उपकरण से होनी चाहिये जिसे इस तरह डिजाइन और बनाया गया हो कि एस्बेस्टस धूल न तो छूटने पाये और न ही यह किसी कार्य स्थल की हवा में फैले।

(3) जब सफाई उप-पैराग्राफ (2) में उल्लिखित विधि के अलावा किसी अन्य विधि से हो रही हो तो सफाई करने वाले व्यक्ति को और उस कमरे में काम कर रहे अन्य व्यक्तियों को श्वसन सुरक्षा उपकरण और सुरक्षात्मक वस्त्र उपलब्ध कराये जायें।

(4) उप-पैराग्राफ (2) के प्रावधानों के अनुसार उपयोग में लिये गये वैक्यूम क्लीनिंग उपकरण का समुचित रखरखाव होना चाहिये और प्रत्येक इस्तेमाल के बाद इसकी सतहों को अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिये तथा एस्बेस्टस कचरे और धूल मे मुक्त कर लेना चाहिये।

(5) एस्बेस्टस कचरा, शिफ्ट समाप्त हो जाने के बाद कार्य स्थल की फर्श पर और अन्य स्थलों पर पड़ा न रहे। इसे बिना किसी देरी के समुचित स्थानो पर भेज दिया जाना चाहिये। काम के दौरान एस्बेस्टन कचरा छिटकने पर बिना विलंब किये उसे तुरंत हटा दिया जाना चाहिये और इस उद्देश्य से रखे गये डब्बे में डाल दिया जाना चाहिये।

10. श्वसन यंत्र और सुरक्षात्मक वस्त्र

(1) निम्नांकित कार्यो में लगे प्रत्येक कर्मी के लिये अनुमोदित श्वसन उपकरण और सुरक्षात्मक वस्त्र उपलब्ध कराये जायें और इन्हें अच्छी स्थिति में रखा जाये –

(क) भुरभुरे एस्बेस्टस वाले चैंबर्स में;

(ख) उपकरणों की साफ-सफाई, धूल हटाने या फिल्टरिंग चैंबर्स में;

(ग) हाथ के झटकों से डेफर सिलेंडर सहित सिलेंडरों और अकार्डिंग मशीन के अन्य हिस्सों की साफ-सफाई में;

(घ) इंसुलेटिंग गद्दे बनाने या इनकी मरम्मत के दौरान भराई, पीटने या बराबर करने की प्रक्रिया में; और

(ङ) किसी भी अन्य प्रचालन या परिस्थितियों में जिसमें कार्य स्थल की हवा में एस्बेस्टस धूल को स्वीकृत सीमा के अंदर नियंत्रित करने में तकनीकी साधन अपनाना अव्यवहारिक हो जाता है।

(2) कर्मियों को नियमानुसार दिये गये श्वसन उपकरण और सुरक्षात्मक वस्त पहनने और उतारने तथा उपयोग के बाद रखने के लिये समुचित और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराया जायेगा।

(3) सभी श्वसन उपकरण और सुरक्षात्मक वस्त्र, जो उपयोग में नहीं हैं, धुलाई के लिये उपरोक्त उपनियम (2) के अनुसार उपलब्ध कराये गये स्थान में एकत्र किये जायेंगे।

(4) उपयोग में आ रहे सभी सुरक्षा वस्त्रों की धूल सक्षम निकासी खिंचाव यंत्र से या वैक्यूम क्लीनिंग से हटायी जायेगी और उचित अंतराल पर उनकी धुलाई होगी। सफाई का शिड्यूल और प्रक्रिया इस प्रकार होगी जिससे पहनने वाले की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

(5) सभी श्वसन उपकरणों को समुचित अंतराल पर साफ और संक्रमण मुक्त किया जायेगा और एक उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा प्रत्येक महीने में एक बार इनकी समग्र जांच होगी।

(6) सफाई और रखरखाव तथा श्वसन उपकरणों की स्थिति का रिकॉर्ड इस उद्देश्य के लिये दी गयी पंजिका में रखा जायेगा। निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता के निरीक्षण के समय इसे उपलब्ध कराया जायेगा।

(7) किसी भी व्यक्ति को सब-पैरा (1) में निर्दिष्ट उस कार्य के लिये, जिसके लिये शवसन यंत्र अनिवार्य है, तबतक नहीं लगाया जायेगा जबतक कि उसे इस उपकरण के समुचित उपयोग में पूरी तरह से प्रशिक्षित न कर दिया जाये।

(8) उपपैराग्राफ (1) के अनुपालन में कोई भी श्वसन यंत्र जो किसी व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल में आ चुका हो, किसी अन्य के द्वारा तब तक उपयोग नहीं किया जायेगा जब तक कि उसे अंतिम उपयोग के बाद अच्छी तरह साफ और संक्रमण मुक्त नहीं कर लिया गया हो और संबंधित व्यक्ति को इसके समुचित उपयोग के बारे में अच्छी तरह प्रशिक्षित न कर दिया गया हो।

11. निजी वस्त्रों को रखने के लिये पृथक स्थान – संबंधित प्रचालन में लगे सभी व्यक्तियों को जिसपर यह अनुसूची लागू होती है, अपने निजी वस्त्र रखने के लिये एक पृथक सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराया जायेगा। यह स्थान पैरा 10 के उप पैराग्राफ 2 के तहत उपलब्ध कराये गये स्थान से अलग होना चाहिये ताकि निजी वस्त्रों को किसी संक्रमण से बचाया जा सके।

12. धुलाई और स्नान की सुविधाएं

(1) अनुसूची के तहत आने वाली प्रक्रियाओं में लगे कर्मियों के उपयोग के लिये धुलाई और स्नान का साफ-स्वच्छ और व्यवस्थित, तथा पानी की लगातार आपूर्ति वाला स्थान दिया जाना चाहिये और उसका समुचित रखरखाव होना चाहिये। यह व्यवस्था एक समय में 15 कर्मियों के उपयोग योग्य पर्याप्त स्थान वाली होनी चाहिये। इसमें कम से कम एक मीटर के अंतराल पर स्टैंड पाइप लगे होने चाहिये।

(2) कुल धुलाई स्थलों की कम से कम आधी संख्या बाथरूम सुविधा के साथ होनी चाहिये।

(3) उपयुक्त सामग्री से बने साफ स्वच्छ तौलियों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिये। ऐसे तौलिये प्रत्येक कर्मी को अलग अलग दिये जाने चाहिये, यदि निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता ऐसा आदेश देते हैं।

(4) साबुन और नाखून साफ करने के ब्रश की भी पर्याप्त आपूर्ति रहनी चाहिये।

13. भोजन कक्षः-

(1) इस अनुसूची के तहत आने वाले फैक्ट्री में काम कर रहे सभी कर्मियों तथा विश्राम अवधि के दौरान परिसर में उपस्थित शेष कर्मियों के उपयोग के लिये समुचित भोजनालय की व्यवस्था होनी चाहिये, जिसमें ये सुविधाएं उपलब्ध हों –

(क) पर्याप्त संख्या में मेज और पीठ टेकने की सुविधा के साथ कुर्सियां या बेंच;

(ख) खाना गर्म करने के पर्याप्त साधन; और

(2) भोजनालय स्वच्छ रखा जाना चाहिये और इसका प्रबंधन किसी जिम्मेदार व्यक्ति के हाथों मे होना चाहिये।

14. **किशोरों को काम पर लगाने पर पाबंदी** – इस अनुसूची के तहत आने वाली किसी भी प्रक्रियां में किसी भी किशोर को नहीं लगाया जाना चाहिये।

15. धूम्रपान संबंधी निषेध – इस अनुसूची के तहत आने वाली प्रक्रियाएं जहां परिचालित होती हैं, वहां किसी भी व्यक्ति को धूम्रपान करने की अनुमति नहीं है। अधिकांश कर्मचारियों को समझ में आने वाली भाषा में धूम्रपान निषेध संबंधी नोटिस संयंत्र में चिपकाया जायेगा।

16. चेतावनी नोटिस –

(1) प्रत्येक एस्बेस्टस प्रसंस्करण क्षेत्र के प्रवेश और चारों ओर निम्नलिखित के बारे में सभी लोगों को सतर्क करते हुए चेतावनी नोटिस लगाये जायेंगेः-

(क) एस्बेस्टस धूल से स्वास्थ्य को होने वाली हानि,

(ख) समुचित सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की आवश्यकता,

(ग) अनधिकृत व्यक्तियों या बिना सुरक्षा उपकरण के अधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पाबंदी

(2) ऐसे नोटिस अधिकांश कर्मियों को समझ में आने वाली भाषा में होनी चाहिये।

17. हवा की गुणवत्ता की निगरानी- नियंत्रण उपायों की प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के लिये हवा में एस्बेस्टस रेशे की निगरानी प्रत्येक शिफ्ट में कम से कम एक बार अवश्य होनी चाहिये और प्राप्त परिणामों का रिकॉर्ड, इस उद्देश्य से विशेष रूप से रखी गयी पंजिका में दर्ज होना चाहिये।

18. चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा जांच –

i. पैरा 1 के तहत उल्लिखित किसी भी प्रक्रिया में काम करने वाले प्रत्येक कर्मी की चिकित्सा जांच, उसकी पहली नियुक्ति के 15 दिन के अंदर चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जायेगी। इस जांच में फेफड़े की जांच, बलगम में एस्बेस्टस रेशों का पता लगाने के लिये जांच, और छाती का एक्स-रे शामिल है। किसी भी कामगार को कारखाने में उसकी पहली नियुक्ति के पंद्रह दिन बाद, तबतक काम करने की अनुमति नहीं होगी, जबतक उसे चिकित्सा अधिकारी द्वारा ऐसे काम के लिये फिट प्रमाणित न कर दिया जाये।

ii. उप-पैराग्राफ (1) के तहत शामिल किसी भी प्रक्रिया में कार्यरत सभी कर्मियों की प्रत्येक 12 महीने में एक बार चिकित्सा अधिकारी द्वारा जाँच की जाएगी। पैरा 3 के शेष उप-पैराग्राफ में उल्लिखित किसी भी अन्य प्रक्रिया में कार्यरत कर्मियों की प्रत्येक 12 महीने में एक बार चिकित्सा अधिकारी द्वारा जाँच की जाएगी। सभी श्रमिकों के लिये ऐसी जाँचों में, चिकित्सा अधिकारी के उचित मानने पर उप-पैराग्राफ (1) में निर्दिष्ट सभी परीक्षण शामिल होंगे, सिवाय छाती के एक्स-रे के, जो 3 वर्ष में एक बार होगा।

iii. किसी कर्मचारी की जाँच के बाद, चिकित्सा अधिकारी, फॉर्म-24 में स्वास्थ्य प्रमाणपत्र जारी करेंगे। परीक्षण और पुन: परीक्षण का रिकॉर्ड प्रमाणपत्र में दर्ज किया जाएगा और यह प्रमाणपत्र कारखाने के अधिभोगी की सुरक्षा में रखा जाएगा। उप-पैराग्राफ (1) और (2) के अंतर्गत की गई प्रत्येक जाँच का रिकॉर्ड, जाँच की प्रकृति और परिणाम सहित, चिकित्सा अधिकारी द्वारा फॉर्म-05 में स्वास्थ्य पंजिका में भी दर्ज किया जाएगा।

iv. स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और स्वास्थ्य पंजिका निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रखे जाएँगे।

v. यदि चिकित्सा अधिकारी की राय में कोई कर्मचारी किसी भी समय इस प्रक्रिया में काम के लिए अब उपयुक्त नहीं रह गया है, और इसमें बने रहने से उसके स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है, तो वह प्रमाणपत्र और स्वास्थ्य पंजिका में अपने निष्कर्षों का रिकॉर्ड दर्ज करेगा। इस प्रविष्टि में वह अवधि भी दर्ज होनी चाहिए जिसमें वह कर्मचारी को उस काम के लिये अयोग्य मानता है। प्रक्रिया से हटाये गये व्यक्ति को वैकल्पिक प्लेसमेंट सुविधाएं दी जायेगी, जब तक कि चिकित्सा अधिकारी की राय में उसे पूरी तरह अक्षम न माना जाए, ऐसा होने पर उसका समुचित पुनर्वास किया जायेगा।

vi. उपरोक्त उप पैराग्राफ (v) के तहत काम के लिये अनफिट पाये गये किसी भी व्यक्ति को तबतक फिर से काम पर नहीं रखा जायेगा या उक्त प्रक्रियाओं में काम करने की अनुमति नहीं दी जायेगी जबतक कि चिकित्सा अधिकारी आगे परीक्षण के बाद फिर से उसे उन प्रक्रियाओं में काम करने के लिये फिट प्रमाणित नहीं कर देते।

19. छूट:- यदि मुख्य निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता किसी भी कारखाने के संदर्भ में इस बात को लेकर संतुष्ट हों कि असाधारण परिस्थितियों या प्रक्रियाओं के यदा कदा होने या फिर किसी अन्य कारण से फैक्ट्री के कर्मियों की सुरक्षा के लिये इस अनुसूची के सभी या किसी प्रावधान का पालन आवश्यक नहीं है, तो वह लिखित रूप से फैक्ट्री को सभी या किसी प्रावधान से छूट देते हुए प्रमाणपत्र दे सकते हैं, प्रमाणपत्र में छूट का आधार निर्दिष्ट किया जायेगा। यह प्रमाणपत्र मुख्य निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता द्वारा अपने विवेकाधिकार से, किसी भी समय, रद्द भी किया सकता है।

.....

अनुसूची- XVI

कोरोसिव यानी संक्षारक पदार्थ की हैंडलिंग या परिचालन

1. परिभाषा – इस अनुसूची के उद्देश्य के लिये –

(क) "कोरोसिव परिचालन" का अर्थ है किसी फैक्ट्री में किसी भी कोरोसिव पदार्थ का निर्माण, भंडारण, संचालन, प्रसंस्करण, पैकिंग या उपयोग; और

(ख) "कोरोसिव पदार्थ" में सल्फ्यूरिक अम्ल, नाइट्रिक अम्ल, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, हाइड्रोफ्ल्यूयोरिक अम्ल, कार्बोलिक अम्ल, फॉस्फोरिक अम्ल, तरल क्लोरीन, तरल ब्रोमाइन, अमोनिया, सोडियम हाइड्रोक्साइड, पोटाशियम हाइड्रोक्साइड

और इनका मिश्रण, तथा कोई अन्य पदार्थ जिसे सरकार आधिकारिक गजट अधिसूचना से कोरोसिव निर्दिष्ट करती है, शामिल है।

2. **कार्यस्थल की फर्श** – किसी फैक्ट्री के प्रत्येक कार्यकक्ष की फर्श जिसपर कोरोसिव पदार्थ का परिचालन होता है, इस प्रकार बनी होनी चाहिये कि उसपर संक्षारक पदार्थ जमा न होने पायें। ऐसी फर्श की सतह बिल्कुल चिकनी और साफ होनी चाहिये और सही स्थिति में रखी जानी चाहिये।
3. **सुरक्षात्मक उपकरण** – (क) अधिभोगी को कोरोसिव पदार्थों के परिचालन में लगे सभी व्यक्तियों को, हाथ और पैरों के लिये सुरक्षात्मक कवर, उपयुक्त एप्रन, चेहरा ढक

   शील्ड रसायनों से सुरक्षा के लिये चश्मे और श्वसन यंत्र उपलब्ध कराना होगा। उपकरण अच्छी तरह रखे होने चाहिये, उन्हे किसी अवशोषित रसायन के हानिकर प्रभावों से मुक्त कर साफ और स्वास्थ्यकर स्थिति में तथा संक्रमणमुक्त रखा जाना चाहिये। अधिभोगी आवश्यकता होने पर समुचित सुरक्षात्मक क्रीम और सामग्री भी उपलब्ध करायेंगे।
   (ख)किसी भी कोरोसिव प्रचालन में लगे व्यक्ति द्वारा सुरक्षात्मक उपकरण और अन्य तैयारियों का उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिये।
4. **पानी की सुविधा** – जहां भी कोरोसिव पदार्थ का परिचालन हो रहा हो वहां उस स्थान के जितना निकट संभव हो सके 210 सेंटीमीटर की उंचाई पर 1.25 सेंटीमीटर व्यास की पाइप से स्वच्छ पानी का स्रोत उपलब्ध कराया जाना चाहिये। यह पाइप त्वरित सक्रिय होने वाले वॉल्व से जुड़ी होनी चाहिये ताकि किसी कर्मी को कोरोसिव पदार्थ से क्षति पंहुचने की स्थिति में, उसके क्षतिग्रस्त हिस्से को तुरंत पानी की लगातार बौछार में डुबोया रखा जा सके। जब भी आवश्यक हो पानी की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये न्यूनतम 210 सेंटीमीटर की लंबाई, 120 सेंटीमीटर की चौड़ाई और 60 सेंटीमीटर की ऊंचाई या मुख्य निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित आकार का भंडारण टैंक स्वच्छ पानी के स्रोत के पास उपलब्ध कराना चाहिये।
5. **चेतावनी नोटिस** – निम्नलिखित फॉर्म में और बहुसंख्य कर्मियों को समझ में आने वाली भाषा में छपी चेतावनी नोटिस उस स्थान के निकट प्रमुखता से प्रदर्शित की जानी चाहियै जहां कोरोसिव पदार्ष का प्रचालन होता हो और जहां खंड 2 में उल्लिखित कोई भी प्रक्रिया निष्पादित की जाती हो, जहां से सभी कर्मी आसानी से नोटिस को पढ़ सकें। यदि कोई कामगार निरक्षर है तो उसे नोटिस की विषयवस्तु पूरी सतर्कता के साथ समझाने के प्रबंध किये जाने चाहिये।

चेतावनी नोटिस

खतरा

कोरोसिव पदार्थ से तेज जलन हो सकती है और इससे निकलने वाली भाप गंभीर रूप से घातक साबित हो सकती है। शरीर के किसी हिस्से के कोरोसिव पदार्थ के संपर्क में आने पर तुरंत उस हिस्से पर कम से कम 15 मिनट तक लगातार पानी डालना चाहिये।
जितनी जल्दी हो सके चिकित्सा सहायता लेनी चाहिये।

6. **परिवहन** – **(1)** कोरोसिव पदार्थ को कंटेनर या पाइप के बिना न तो कहीं भरना चाहिये और न ही इधर उधर ले जाना चाहिये और जब उन्हें कंटेनर में ले जाना हो तब भी कंटेनर को मजबूत और पर्याप्त क्षमता वाले क्रेट्स में रखना चाहिये। (2) कोरोसिव के 11.5 लीटर या इससे अधिक क्षमता वाले कंटेनर को समुचित क्षमता के पात्र या क्रेट में रखकर रबर के पहियों वाली ट्रक से ले जाना चाहिये, ऐसा न हो पाने पर एक से अधिक व्यक्तियों द्वारा कमर से नीचे की उंचाई पर रखते हुए ले जाना चाहिये। (3) कोरोसिव पदार्थ के कंटेनर पर समुचित लेबल लगा होना चाहिये।
7. **कोरोसिव के परिचालन के लिये उपकरण** – **(1)** कोरोसिव का जार, कारबॉय और अन्य कंटेनर खाली करने के लिये झुकाने और पंपिंग व्यवस्था से उठाने की विधि अपनायी जानी चाहिये। (2) कोरोसव पदार्ष को कभी भी खुले हाथों से निकालना रखना नहीं चाहिये। इसके लिये स्कूप या अन्य साधनों का इस्तेमाल होना चाहिये।
8. **वॉल्व को खोलना** – कोरोसिव पदार्थ के कंटेनर में लगे वॉल्व को बहुत ही सावधानी से खोला जाना चाहिये। यदि वे आराम से नहीं खुलते हैं जो उनपर जोर नहीं लगाना चाहिये। इस काम में अच्छी तरह प्रशिक्षित कामगार से ही वॉल्व खुलवाना चाहिये।

9. **टैंक और स्टिल इत्यादि की सफाई** – (1) कोरोसिव रखने में इस्तेमाल होने वाले स्टिल्स या अन्य बड़े चैम्बर की सफाई के लिये लकड़ी या अन्य सामग्री से बने साधनों का उपयोग होना चाहिये ताकि आर्सिनरेटेड हाइड्रोजन (आर्साइन) का बनना रोका जा सके। (2) सफाई या अन्य रखरखाव कार्यों के लिये चैंबर, टैंक, कुंड, गड्ढे या अन्य घिरे और बंद स्थान में उतरने वाले कर्मियों की सुरक्षा के लिये संहिता की अनुसूची ॥ के तहत निर्मित नियमों के अनुसार हर संभव सतर्कता बरती जानी आवश्यक है। (3) जहां भी संभव हो ऐसे उपकरण के किसी भी भाग, जिसमे कोरोसिव पदार्थ रखा गया हो, की मरम्मत से पहले, उसे उपयुक्त विधियों से उसमें चिपके कोरोसिव से मुक्त कर लिया जाना चाहिये।
10. **भंडारण** – (1) कोरोसिव पदार्थ को एक ही कमरे में अन्य रसायनों, जैसे टर्पेन्टाइन, कार्बाइड, धातु चूर्ण और ज्वलनशील सामग्री के साथ नहीं रखा जाना चाहिये, क्योंकि दुर्घटनावश किसी रसायन के साथ मिल जाने से घातक प्रतिक्रिया हो सकती है तथा जहरीला धुंआ और गैस निकल सकती है। (2) उपर रखी टंकियों, पात्रों, कुंड या अन्य कंटेनरों की पंपिंग या भरा जाना इस प्रकार व्यवस्थित होना चाहिये कि कोरोसिव पदार्थ के ओवरफ्लो होने और किसी को क्षति पंहुचाने की संभावना न रहे। (3) 20 लीटर या अधिक की क्षमता वाले प्रत्येक कंटेनर तथा कोरोसिव पदार्थ स्टोर करने वाले या ले जाने वाले प्रत्येक पाइपलाईन, वॉल्व और फिटिंग की प्रत्येक वर्ष पूरी तरह जांच होनी चाहिये ताकि कोई त्रुटि पाये जाने पर उसे दूर किया जा सके। ऐसे सभी परीक्षणों का रिकॉर्ड पंजिका में दर्ज किया जाना चाहिये और जरूरत पड़ने पर इसे निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिये।
11. **अग्निशमन यंत्र और आग पर काबू पाने वाले उपकरण** – पर्याप्त संख्या में समुचित प्रकार के अग्निशमन यंत्र और अन्य संबंधित सामग्री उपलब्ध करायी जानी चाहिये। ऐसे यंत्रों और उपकरणों का नियमित परीक्षण और रीफिलिंग होनी चाहिये। इनके उपयोग के बारे में स्पष्ट अनुदेश बहुसंख्य कर्मियों को समझ आने वाली भाषा में छाप कर अग्निशमन यंत्रों और अन्य उपकरणों के पास लगा दिया जाना चाहिये।
12. **छूट** – किसी भी कारखाने के संदर्भ में प्रबंधक द्वारा किये गये उपायों पर यदि मुख्य निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता संतुष्ट हैं कि असामान्य परिस्थितियों के कारण या प्रक्रियाओं में बारंबारता न होने के कारण या किसी भी अन्य वजह से, अनुसूची के सभी या किसी प्रावधान का अनुपालन वहां काम कर रहे लोगों की सुरक्षा के लिये आवश्यक नहीं है, तो वे स्थिति विशेष का उल्लेख करते हुए लिखित प्रमाणपत्र द्वारा, जिसे किसी भी समय रद्द किया जा सकता है, फैक्ट्री को ऐसे प्रावधानों के अनुपालन से छूट दे सकते हैं।

.....

अनुसूची –XVII
कारखानों में अवन और ड्रॉयर का उपयोग

1. **अनुप्रयोग**- यह अनुसूची किसी प्रतिष्ठान की प्रयोगशालाओं और किचेन में इस्तेमाल होने वाले और 325 लीटर क्षमता से कम के अवन और ड्रॉयर को छोड़कर, अन्य अवन और ड्रॉयर पर लागू होगी।
2. **परिभाषा** – इस अनुसूची के प्रयोजन के लिये अवन और ड्रॉयर का अर्थ है एक बंद, ग्राही, कंपार्टमेंट या बॉक्स वाली संरचना जिसका उपयोग अवन या ड्रॉयर वाले कमरे में परिवेशी वायु के तापमान से अधिक तापमान पर किसी वस्तु या पदार्थ की बेकिंग, सुखाने या अन्य प्रसंस्करण के लिये होता है। और जिसमें इस प्रक्रिया के दौरान वायु और ज्वलनशील पदार्थ से संयोग से दाहक और विस्फोटक मिश्रण बन सकता है।

3. **पृथक विद्युत कनेक्शन** – प्रत्येक अवन या ड्रॉयर के लिये बिजली आपूर्ति एक अलग स्विच के साथ उपलब्ध कराये गये पृथक सर्किट से होना चाहिये।

4. **डिज़ायन, निर्माण, परीक्षण और जांच** – (1) प्रत्येक अवन और ड्रॉयर का डिजायन कुशल और ठोस अभियांत्रिकी के आधार पर होना चाहिये तथा यह ठोस सामग्री से अच्छी तरह बना और मजबूत होना चाहिये। इसे किसी प्रत्यक्ष त्रुटि से मुक्त होना चाहिये और समुचित उपयोग के दौरान सुरक्षित होना चाहिये।

(2) किसी भी अवन या ड्रायर को सक्षम प्राधिकारी द्वारा सभी भागों की पूरी तरह जांच के बाद ही फैक्ट्री में पहली बार उपयोग में लिया जाना चाहिये। यह सुनिश्चित करने के लिये जांच जरूरी है कि जिन प्रक्रियाओं में इसका उपयोग किया

जाना है उनके परिचालन के लिये सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी आवश्यक प्रणालियां और नियंत्रण उपलब्ध हैं। सक्षम प्राधिकारी से हस्ताक्षरित जांच और परीक्षण प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया जाना चाहिये और निरीक्षण के लिये उपलब्ध रखना चाहिये।

(3) अवन या ड्रॉयर के किसी भी भाग में कोई बदलाव या मरम्मत का, जिसका किसी भी डिजायन पर असर पड़ता हो, तबतक उपयोग नहीं किया जायेगा जबतक कि खंड (ख) में उल्लिखित परीक्षण और जांच सक्षम व्यक्ति द्वारा न कर लिया गया हो और उसके हस्ताक्षर के साथ इस परीक्षण का प्रमाणपत्र निरीक्षण के लिये सुरक्षित न रखा गया हो।

5. **सुरक्षित वायु संचरण प्रणाली** – (1) प्रत्येक अवन या ड्रॉयर के साथ एक प्रभावी वायु संचरण प्रणाली होनी चाहिये जिसमें एक या अधिक मोटर संचालित सेंट्रिफ्यूगल पंखों का उपयोग किया गया हो ताकि वायु और ज्वलनशील पदार्थ के किसी मिश्रण को, जो अवन या ड्रॉयर में बन सकता है, तनुकृत किया जा सके और वायु में ज्वलनशील पदार्थ की सांद्रता सुरक्षित स्तर पर रखी जा सके।

(2) खंड (क) में उल्लिखित तनुकरण का सुरक्षित स्तर ऐसा होना चाहिये ताकि वायु में संबंधित ज्वलनशील पदार्थ की सांद्रता इसके निम्नतर विस्फोटक स्तर से 25 प्रतिशत से अधिक न होः
परन्तु, वायु में ज्वलनशील पदार्थ का सांद्रता-स्तर इसके निम्न विस्फोटक स्तर का 50 प्रतिशत तक रखा जा सकता है यदि एक स्वचालित यंत्र लगाया जाये और उसका रखरखाव किया जाये जोः-

(क) लगातार अवन या ड्रॉयर में वर्तमान हवा में दाहक पदार्थ की सांद्रता दर्शाता है;

(ख) अवन या ड्रॉयर के किसी भी भाग में हवा में दाहक पदार्थ की सांद्रता निम्न विस्फोटक सीमा के 50 प्रतिशत के स्तर तक पंहुच जाने पर अलार्म से सतर्क कर देता है।

(ग) अवन या ड्रॉयर के किसी भी भाग में हवा में दाहक पदार्थ की सांद्रता निम्न विस्फोटक सीमा के 60 प्रतिशत के स्तर तक पंहुच जाने पर तापन प्रणाली को स्वचालित ढंग से बंद कर देता है। यह अवन या ड्रॉयर के लिये उपलब्ध कराया जाता है और प्रभावी कार्य स्थिति को प्रबंधित करता है।

(घ) कोई भी अवन या ड्रॉयर सुरक्षा वायु संचरण प्रणाली के प्रभावी ढंग से काम किये बिना परिचालित नहीं किया जा सकता,

(ङ) कोई भी अवन या ड्रॉयर खंड (ख) में उल्लिखित स्तर से कम तनुकरण स्तर पर परिचालित नहीं किया जा सकता,

(च) सुरक्षा वायु संचरण प्रणाली के निकासी मार्ग इस तरह बने और व्यवस्थित होने चाहिये कि निकासी मार्ग वायु और ज्वलनशील पदार्थ के मिश्रण को कार्य कक्ष से दूर कर दें तथा खिड़कियों, दरवाजों या निकास के निकट न रहने दें जहां से यह कार्यकक्ष में फिर प्रवेश कर सकें।

(छ) अवन या ड्रॉयर में वायु संचरण प्रणाली के माध्यम से आने वाली ताजा हवा सर्कुलेटिंग फैन्स के जरिये अवन या ड्रॉयर के सभी भागों में समान रूप से फैलनी चाहिये ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां दाहक पदार्थ हवा में खतरनाक डिग्री तक एकत्र होने पाये।

(ज) किसी भी सुरक्षा वायु संचरण प्रणाली में थ्रॉटलिंग डैंपर्स इस तरह डिजायन किये जाने चाहिये कि प्रणाली, अधिकतम थ्रॉटलिंग स्थिति में रखे जाने पर, सुरक्षा के लिये आवश्यक न्यूनतम संचरण दर प्रबंधित कर सके।

6. **विस्फोट पैनल** - (1) कम से कम आधा घन मीटर आंतरिक क्षेत्रफल वाले प्रत्येक ओवन या ड्रायर में उपयुक्त डिज़ाइन वाला विस्फोट पैनल लगाया जाएगा ताकि ओवन या ड्रायर के भीतर किसी भी संभावित विस्फोट का दबाव वेंट के माध्यम से मुक्त किया जा सके।

किसी भी प्रवेश द्वार का क्षेत्र, जिसमें विस्फोट की स्थिति में दबाव के मुक्त होने की उपयुक्त व्यवस्था हो, ओवन या ड्रायर के आयतन के प्रत्येक 1 घन मीटर के लिए 2200 वर्ग सेमी से कम नहीं होना चाहिए। विस्फोट पैनल और दरवाजों का डिज़ाइन ऐसा होना चाहिए कि 0.25 किग्रा/वर्ग सेमी के आंतरिक दबाव में उनका पूरी तरह मुक्त होना सुनिश्चित हो सके। (2) विस्फोट का दबाव मुक्त करने वाले पैनल, जितना व्यवहार्य हो सके, अवन या ड्रॉयर की उपरी सतह पर होने चाहिये, या इसकी दीवारों के उन हिस्सों में होने चाहिये जो परिचालन के समय व्यक्ति के संपर्क में नहीं आते।

7. **इंटरलॉकिंग व्यवस्था** – प्रत्येक अवन या ड्रॉयर में इंटरलॉकिंग व्यवस्था उपलब्ध करायी जानी चाहिये और इसका रखरखाव होना चाहिये ताकि सुनिश्चित किया जा सके किः

(क) सभी वेंटिलेशन फैन और सर्कुलेटिंग फैन, जिनके काम न करने का प्रतिकूल असर प्रवाह के वायु संचरण दर पर पड़ता है, बिना किसी मेकैनिकल कन्वेयर के पहले से ही प्रचालन में हैं, जो अवन या ड्रायर में प्रसंस्कृत किये जाने वाले पदार्थ के लिये उपलब्ध कराये जाते हैं।

(ख) किसी भी वेंटिलेटिंग या सर्कुलेटिंग फैन के काम न करने पर स्वतः कन्वेयर बंद हो जायेगा, जैसा खंड (क) में उल्लिखित है। साथ ही वॉल्व के बंद होने से गर्म हवा की आपूर्ति भी बंद हो जाती है। गैस या तेल से संचालित अवन में इग्निशन बंद कर दी जाती है और बिजली चालित अवन में बिजली की आपूर्ति रोक दी जायेगी।

(ग) उपरोक्त यांत्रिक कन्वेयर, बंद वॉल्व को चालू करने से पहले ही परिचालित कर दिया जाता है।

(घ) यदि अवन और ड्रायर गैस, तेल या वाष्प से गर्म होते हैं तो उपर्युक्त कन्वेयर के काम न करने से वॉल्व स्वतः बंद हो जायेगा और इग्निशन प्रणाली को निष्क्रिय कर देगा। विद्युत चालित अवन के मामले में हीटर को डिसकनेक्ट कर देगा।

8. **स्वचालित वायु संचरण**- तेल, गैस, भाप या बिजली से गर्म होने वाले प्रत्येक अवन या ड्रायर स्वतः संचालित प्रभावी वायु संचरण व्यवस्था के साथ उपलब्ध कराया जाना चाहिये जिसमें सेफ्टी वेंटिलेशन फैन और सर्कुलेटिंग फैन के परिचालन के साथ कम से कम तीन वॉल्यूम बदलाव की व्यवस्था हो।

9. **तापमान नियंत्रण** – प्रत्येक अवन या ड्रायर ऐसी स्वचालित व्यवस्था के साथ उपलब्ध कराया जाना चाहिये जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि तापमान प्रक्रिया विशेष के संदर्भ में आवश्यक अधिकतम तापमान से अधिक न होने पाये।

10. **बहु चरण की प्रकियाएं** – अवन या ड्रायर में जो भी सामग्री उत्तरोत्तर परिचालन में प्रसंस्कृत की जानी है, उनके लिये समुचित व्यवस्था उपलब्ध करायी जानी चाहिये ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रत्येक चरण में सुरक्षित परिचालन के लिये आवश्यक तापमान निर्दिष्ट सीमा के भीतर रखा जा सके।

11. **ज्वलनशील पदार्थ का विद्युत हीटर या बर्नर की लौ पर रिसाव से बचाव** – प्रत्येक अवन या ड्रायर में ऐसी व्यवस्था उपलब्ध करायी जानी चाहिये जिससे ज्वलनशील पदार्थ बिजली के हीटर या बर्नर की लौ पर टपकने न पाये।

12. **सावधिक परीक्षण, जांच और रखरखाव** – प्रत्येक अवन या ड्रायर के सभी हिस्सों का समुचित रखरखाव और जांच होनी चाहिये। अनुसूची में उल्लेख के अनुसार विभिन्न विनियमन तथा अवन या ड्रायर का परीक्षण, अभिग्राही या प्रबंधक द्वारा अधिकृत सक्षम व्यक्ति द्वारा उचित अंतराल पर किया जाना चाहिये ताकि इसका सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित हो सके। अधिकृत व्यक्ति अपने अनुभव तथा किसी विस्फोट के खतरे को लेकर आवश्यक सतर्कता बरतने की जानकारी के आधार पर इस प्रकार के काम के लिये पूरी तरह सक्षम होगा।

13. **प्रचालक का प्रशिक्षण** – किसी भी व्यक्ति को किसी अवन या ड्रायर के परिचालन से संबंधित कोई भी कार्य तबतक नहीं दिया जायेगा जबतक वह 18 वर्ष का न हो और इस काम समुचित रूप से प्रशिक्षित न हो।

14. **पॉलिमराइजिंग मशीन** – (क) किसी भी प्रिंटेड कपड़े को पॉलिमराइजिंग मशीन में डालने से पहले ड्राइंग कैन या गर्म चिमनी या समान रूप से प्रभावी साधन से गुजार कर अच्छी तरह सुखा लिया जाना चाहिये।

(ख) पॉलिमराइजिंग मशीन का इन्फ्रा- रे हीटर प्रिंट चलाये जाने के दौरान बंद कर दिया जाना चाहिये।

.....

अनुसूची- XVIII
कार्सिनोजेनिक यानी कैंसरकारी रंग और मध्यवर्ती पदार्थों का निर्माण और परिचालन

1. अनुप्रयोग – यह अनुसूची सभी कारखानों या उनके किसी हिस्से के संदर्भ में लागू होगी जहां कार्सिनोजेनिक यानी कैंसरकारी रंग मध्यवर्ती (यहां विनिर्माण प्रक्रियाओं के रूप में उल्लेख किया जायेगा) के निर्माण और परिचालन की प्रक्रियाएं होती हैं। पैराग्राफ 25 और 26 केवल विनिर्माण, परिशिष्ट बी (यहां विनिर्माण प्रक्रियाएं बी के रूप में उल्लेख होगा) में उल्लिखित यौगिकों के परिचालन से संबंधित है।

भाग-1

2. परिभाषा – (क) इस अनुसूची के प्रयोजन के लिये एक नाइट्रो या अमिनो यौगिक का मतलब है यहां संलग्न परिशिष्ट ए और बी में उल्लिखित एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन का नाइट्रेटेड या अमिनेटेड यौगिक।

(ख) "अप्रूव्ड" का अर्थ है मुख्य निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता से अनुमोदित।
(ग) "ओमिटेड" यानी छोड़ दिया गया
(घ) "एफिशियेंट एगजॉस्ट ड्रैफ्ट" यानी सक्षम निकासी खिंचाव का अर्थ है
गैस, वाष्प, धूल या धुएं को हटाने के लिये यांत्रिक साधनों से स्थानीय प्रभावी वायु संचरण ताकि जहां काम चल रहा है वहां की हवा में इन्हें मिलने से रोकना। कोई भी खिंचाव तबतक प्रभावी नहीं माना जा सकता जबतक वह गैस, वाष्प, धुएँ या धूल को उनके उत्पन्न होने के स्थान से हटाने में सफल न रहे, और
(ड.) परिचालन में मिलाना, मिश्रण बनाना, भरना, खाली करना, पीसना, छानना, सुखाना, पैकिंग करना, बुहारना, संचालन, उपयोग या नाइट्रो अमिनो यौगिक का रासायनिक प्रसंस्करण।
(च) "एयरलाईन श्वसन" जरूरी कनेक्शन के साथ हेलमेट या चेहरे का कवर जिसके द्वारा इसका प्रयोग करने वाला व्यक्ति विषाक्त या अशुद्ध हवा में सामान्य वायु सांस में ले सके या मुख्य निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता द्वारा लिखित रूप से अनुमोदित उपयुक्त उपकरण।

3. **चेतावनी घोषणापत्र** - इस अनुसूची के साथ संलग्न परिशिष्ट में निर्दिष्ट प्रारूप में और संबंधित प्रक्रियाओं में काम कर रहे अधिकांश कर्मियों को समझ आने वाली भाषा में छपे चेतावनी घोषणापत्र कारखाने में उन प्रमुख स्थानों पर लगाये जाएँगे जहाँ उन्हें आसानी से पढ़ा जा सके। प्रबंधक द्वारा चेतावनी पट्टिकाओं में निहित सावधानियों के बारे में कर्मियों को समय-समय पर निर्देश देने की व्यवस्था की जाएगी।

4. **गर्भवती महिलाओं और किशोरों को काम पर लगाने से संबंधित निषेध** – किसी भी गर्भवती महिला या किसी किशोर को किसी भी ऐसे कमरे में काम पर नहीं लगाया जायेगा जहां उक्त प्रक्रियाएं चल रही हों।

5. **वायु के लिये स्थान** – प्रत्येक कमरे में जहां उक्त विनिर्माण प्रक्रियाएं निष्पादित होती हैं, काम पर लगाये गये प्रत्येक व्यक्ति के लिये मशीनी संयंत्र और अन्य वस्तुओं से घिरे स्थल को छोड़कर वायु क्षेत्र का कम से कम 15 घनमीटर क्षेत्र होना चाहिये। और इस वायु क्षेत्र की संगणना में 4.26 मीटर से उपर की उंचाई नहीं ली जायेगी।

6. **सक्षम निकासी ड्रैफ्ट** – जबतक उक्त प्रक्रिया पूरी तरह बंद नहीं हो जाती, धूल और धुएं पर नियंत्रण के लिये इसे सक्षम निकासी ड्रैफ्ट के उपयोग के बिना निष्पादित नहीं किया जायेगा, जबकि नाइट्रो अमिनो यौगिक –

(क) टैंक, हॉपर, मशीन, या कंटेनर में डाला जाये या कार्टिरेजं में भरा जाये, या

(ख) इसे पीसा, तोड़ा, मिलाया छाना या मिश्रण बनाया जाये।

7. फर्श और कार्यकक्ष – प्रत्येक कार्य कक्ष की फर्श , जहां उक्त प्रक्रियाएं निष्पादित की जाती हैं –

(क) चिकनी और पानी न रिसने देने वाली मजबूत होनी चाहिये, फर्श की संरचना में डामर या कोलतार का उपयोग नहीं होना चाहिये,

(ख) फर्श मजबूत और अच्छी स्थिति में होनी चाहिये

(ग) फर्श में समुचित स्लोप और गटर होना चाहिये ताकि पानी की निकासी सुगमता से हो सके, और

(घ) नियमित रूप से प्रतिदिन इसकी धुलाई होनी चाहिये और बंद चैनल के माध्यम से पानी की समुचित निकासी होनी चाहिये।

8. **कार्य निष्पादित करने के लिये बेंच** – बेंच जिसपर नाइट्रो या अमिनो यौगिक परिचालित किया जायेगा, उसे

(क) चिकनी और मजबूत सतह वाला होना चाहिये, बेहतर हो कि बेंच स्टेनलेस स्टील की हो

(ख) जब बेच पर काम न हो रहा हो उस समय होजपाइप से नियमित रूप से इसकी धुलाई होनी चाहिये या अवशोषक यंत्र से साफ किया जाना चाहिये

9. **कचरा निस्तारण** – (1) क्लॉथ पेपर या नाइट्रो अमिनो यौगिक से भींगा अन्य कचरा जमा करने के लिये गैर अवशोषक सामग्री से बना और मजबूत कवर वाला समुचित पात्र उपलब्ध कराया जाना चाहिये। (2) इस कचरा पात्र को किसी उत्तरदायी व्यक्ति की निगरानी में जलाकर या अन्य समुचित विधि से नष्ट कर दिया जाना चाहिये।

10. **खाली कंटेनर का निस्तारण** – परिशिष्ट क में शामिल यौगिको को रखने में इस्तेमाल हुए खाली कंटेनर को अच्छी तरह साफ किया जाना चाहिये और हटाने से पहले किसी निष्क्रिय करने वाले एजेंट से समुचित रूप से उपचारित किया जायेगा।

11. गड्ढों, टंकी इत्यादि को संक्रमण मुक्त करना –

(क) जब भी कोई कामगार किसी ऐसे गड्ढे, टंकी या केट्ल या किसी अन्य संकुचित और सीमित स्थल में उतरता है, जिसमें नाइट्रो या अमिनो यौगिक की मौजूदगी है तो उसे अच्छी तरह खुद को साफ स्वच्छ करना चाहिये।

(ख) सयंत्र का कोई भी हिस्सा जहां नाइट्रो या अमिनो यौगिक है, तबतक किसी काम या मरम्मत के लिये नहीं खोला जाना चाहिये जबतक कि उन यौगिकों को वहां से हटा न लिया जाये और अच्छी तरह उस स्थान को साफ और संक्रमण मुक्त न कर लिया जाये।

(ग) इस प्रकार के उपचार का पूरा रिकॉर्ड मुख्य निरीक्षक सह सुविधाप्रदाता से अनुमोदित पंजिका में रखा जाना चाहिये और आवश्यकता पड़ने परक निरीक्षण के लिये पंजिका उपलब्ध करायी जानी चाहिये।

12. **हाथों से संचालन** – नियंत्रित पदार्थों को हाथ लगाकर नहीं बल्कि एक हैंडल वालै स्कूप से ही मिलाने, भरने, खाली करने या परिचालित करने की अमुमति है। इस स्कूप को प्रतिदिन अच्छी तरह साफ किया जाना चाहिये

13. सुरक्षात्मक वस्त्र- अधिभोगी को नीचे दी गई तालिका में निर्दिष्ट अनुसार स्वच्छ और अच्छी स्थिति में सुरक्षात्मक वस्त्र और अन्य उपकरण उपलब्ध कराने होंगे और उनका रखरखाव करना होगा:-

तालिका

प्रक्रिया	सुरक्षात्मक कपड़े और अन्य उपकरण
(i) परिशिष्ट-क में उल्लिखित शर्ट कंपाउंड्स के कुशल कार्य-संचालन के लिए	(क) पूरी आस्तीन वाली लंबी पतलून या चौग़ा और सिर ढकने वाला कपड़ा। कमीज़ या चौग़ा गर्दन को पूरी तरह से ढकने वाला होना चाहिए;

	और (ख) रबर के दस्ताने, रबर एप्रन, रबर के गम बूट और एयरलाइन रेस्पिरेटर
परिशिष्ट-ख में उल्लिखित शर्ट कंपाउंड्स के कुशल कार्य-संचालन के लिए	(क) ऊपर (क) में उल्लिखित सफेद साफ शर्ट के अलावा सफेद साफ कपड़े। ऊपर (क) में उल्लिखित अनुसार सिंगलेट और सुरक्षात्मक उपकरण (ख) सफेद लंबी आस्तीन वाला एप्रन

14. जोखिम संबंधी निर्देश - उक्त प्रक्रियाओं में अपने प्रथम नियोजन पर प्रत्येक श्रमिक को उन विषैले रसायनों के गुणों और उनसे जुड़े खतरों और बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी, जिनसे श्रमिकों का संपर्क होने की आशंका रहती है। श्रमिकों को आपात स्थिति से निपटने के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में भी निर्देश दिए जाएँगे।

15. चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा परीक्षण-

(1) अनुच्छेद 1 में निर्दिष्ट प्रक्रियाओं में नियोजित प्रत्येक श्रमिक की उसके प्रथम नियोजन के 15 दिनों के भीतर चिकित्सा अधिकारी द्वारा जाँच की जाएगी। ऐसी जांचों में डर्मेटाइटिस के लिए त्वचा परीक्षण शामिल होगा और किसी भी श्रमिक को कारखाने में अपने प्रथम नियोजन के 15 दिनों के बाद काम करने की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसे ऐसे नियोजन के लिए उपयुक्त प्रमाणित न कर दिया जाए।

(2) मैंगनीज प्रक्रिया में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी की प्रत्येक तीन कैलेंडर माह में कम से कम एक बार चिकित्सा अधिकारी द्वारा पुनः जाँच की जाएगी और ऐसी जाँच में, जहाँ भी चिकित्सा अधिकारी उचित समझे, उप-अनुच्छेद (1) के सभी परीक्षण शामिल होंगे।

(3) चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी की जाँच के बाद, प्रपत्र-24 में स्वास्थ्य प्रमाणपत्र जारी करेगा। की गई जाँच और पुनः जाँच का रिकॉर्ड प्रमाणपत्र में दर्ज किया जाएगा और प्रमाणपत्र कारखाने के अधिभोगी की अभिरक्षा में रखा जाएगा। उप-अनुच्छेद (1) और (2) के अंतर्गत की गई प्रत्येक जाँच का रिकॉर्ड, जिसमें इस परीक्षण की प्रकृति और परिणाम शामिल हैं, चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रपत्र-25 में स्वास्थ्य रजिस्टर में भी दर्ज किया जाएगा।

(4) स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और स्वास्थ्य रजिस्टर निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता द्वारा निरीक्षण हेतु आसानी से उपलब्ध रखे जाएँगे।

(5) यदि किसी भी समय चिकित्सा अधिकारी की यह राय हो कि कोई कर्मचारी उक्त प्रक्रियाओं में इस आधार पर नियोजन के लिए अब उपयुक्त नहीं है कि उसमें बने रहने से कर्मचारी के स्वास्थ्य को विशेष खतरा होगा, तो वह उक्त प्रमाणपत्र और स्वास्थ्य रजिस्टर में अपने निष्कर्षों का अभिलेख बनाएगा। इन दस्तावेजों में उसके निष्कर्षों की प्रविष्टि में वह अवधि भी शामिल होनी चाहिए जिसके लिए वह समझता है कि उक्त व्यक्ति उक्त प्रक्रिया में कार्य करने के लिए अयोग्य है। उसे वैकल्पिक स्थान-स्थापन सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी, जब तक कि चिकित्सा अधिकारी की राय में वह पूरी तरह से अक्षम न हो जाए। ऐसी स्थिति में प्रभावित व्यक्ति का उपयुक्त पुनर्वास किया जाएगा।

(6) कोई भी व्यक्ति, जो उप-अनुच्छेद (5) में उल्लिखित अनुसार कार्य करने के लिए अयोग्य पाया गया हो, उसे उक्त प्रक्रियाओं में पुनः नियोजित या कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि चिकित्सा अधिकारी, आगे की जाँच के बाद, उसे उन प्रक्रियाओं में नियोजन के लिए पुनः योग्य प्रमाणित न कर दे।

16. धुलाई और स्नान की सुविधाएँ –

(1) उक्त प्रक्रियाओं में कार्यरत सभी श्रमिकों के उपयोग के लिए निम्नलिखित धुलाई और स्नान की सुविधाएँ स्वच्छ और अच्छी स्थिति में उपलब्ध कराई जाएँगी और उनका रखरखाव किया जाएगा:-

(क) एक ढका हुआ धुलाई स्थल जिसमें पानी की निरंतर आपूर्ति हो और साफ तौलिये, साबुन और नेल ब्रश उपलब्ध हों और प्रत्येक पाँच श्रमिकों के लिए कम से कम एक स्टैंड पाइप हो;

(ख) खंड (क) के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए स्टैंड पाइपों का 50 प्रतिशत स्नानघरों में स्थित होगा जहाँ कारखाने के कार्य समय के दौरान और उसके बाद एक घंटे तक गर्म और ठंडा दोनों पानी उपलब्ध रहेगा;

(ग) धुलाई और स्नान की सुविधाएँ उक्त प्रक्रियाओं वाले क्षेत्र के निकट होंगी;

(घ) प्रत्येक श्रमिक को अलग से साफ तौलिए उपलब्ध कराए जाएँगे; और

(ङ) खंड (क) में उल्लिखित नलों के अतिरिक्त, प्रत्येक तल पर एक स्टैंड पाइप, जिसमें गर्म पानी उपलब्ध हो, उपलब्ध कराया जाएगा।

(2) कारखाने की वर्दी और अन्य काम के कपड़े प्रतिदिन धोने की व्यवस्था की जाएगी।

17. धुलाई और स्नान- (क) उक्त विनिर्माण प्रक्रिया में कार्यरत सभी श्रमिक भोजन करने या कारखाना छोड़ने से पहले अपने हाथ और चेहरे सावधानीपूर्वक धोएँगे।

(ख) स्नान रजिस्टर- उक्त विनिर्माण प्रक्रिया में कार्यरत श्रमिक कारखाना परिसर में स्नान करेंगे और ऐसा करने के प्रमाण के रूप में स्नान रजिस्टर में अपना नाम दर्ज करेंगे।

18. कार्य कक्ष में भोजन, पेय आदि निषिद्ध - कोई भी श्रमिक ऐसे किसी भी कार्य कक्ष में भोजन, पेय, पान, सुपारी या तंबाकू का सेवन या धूम्रपान नहीं करेगा जिसमें उक्त प्रक्रियाएँ की जाती हैं और कोई भी श्रमिक भोजन या आराम के अंतराल के दौरान ऐसे किसी भी कमरे में नहीं रहेगा।

19. क्लोकरूम - उक्त प्रक्रियाओं में कार्यरत श्रमिकों के उपयोग के लिए निम्नांकित सुविधाओं के साथ क्लोकरूम स्वच्छ और अच्छी स्थिति में उपलब्ध और अनुरक्षित होगा:-

(क) एक क्लोकरूम जिसमें दो डिब्बे वाले लॉकर हों - एक सड़क पर पहने जाने वाले कपड़ों के लिए और दूसरा काम के कपड़ों के लिए, और

